भारत सरकार
जनजातीय कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3201
उत्तर देने की तारीख 18.12.2025

आंध्र प्रदेश के पेद्दापल्ली में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय

†3201. श्री वामसि कृष्णा गद्दाम:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को पेद्दापल्ली संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आदिवासी-बहुल क्षेत्रों, जिनमें पेद्दापल्ली के कुछ हिस्से, मंचेरियल, जगतियाल और भूपालपल्ली जिले शामिल हैं, में एक एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की स्वीकृति हेतु कोई प्रस्ताव या निवेदन प्राप्त हुआ है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या मंत्रालय ने एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की स्थापना हेतु आदिवासी जनसंख्या के निर्धारित मानदंडों के आधार पर इन जिलों में किसी पात्र स्थान की पहचान की है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) उपर्युक्त क्षेत्रों में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की स्थापना के लिए किए गए व्यवहार्यता अध्ययन, निरीक्षण या मूल्यांकन का ब्यौरा क्या है; और
(घ) पेद्दापल्ली संसदीय क्षेत्र के आदिवासी-बहुल क्षेत्रों के लिए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय को स्वीकृत करने, प्राथमिकता देने और उसका संचालन शुरू करने हेतु मंत्रालय द्वारा कौन-से कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

(क) से (घ) केंद्रीय बजट 2018-19 में, भारत सरकार ने घोषणा की कि, जनजातीय बच्चों को उनके अपने वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए, 2011 की जनगणना के अनुसार 50% से अधिक अनुसूचित जनजाति की आबादी और कम से कम 20,000 जनजातीय लोगों वाले प्रत्येक प्रखंड (ब्लॉक) में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) स्थापित किए जाएंगे। पेददापल्ली, मंचेरियल, जगतियाल और भूपालपल्ली जिलों में कोई ईएमआरएस स्वीकृत नहीं किया गया है, क्योंकि, इनके किसी भी प्रखंड (ब्लॉक) में निर्धारित दोहरे मानदंडों को पूरा नहीं किया गया है। ईएमआरएस की आवश्यकता की समय-समय पर समीक्षा की जाती है।

*****